**एनजीटी के निर्देश : जबलपुर में नालों के कुप्रबंधन पर संज्ञान का मामला**

# नगर निगम आयुक्त विस्तृत व तथ्यात्मक रिपोर्ट सहित हाजिर हों

जबलपुर।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव व एक्सपर्ट मेम्बर डा. ए सेंथिल वेल की पीठ ने जबलपुर में नालों के कुप्रबंधन पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। इसी के साथ नगर निगम, जबलपुर के आयुक्त को आगामी सुनवाई 26 अप्रैल, 2026 को सभी बिंदुओं पर विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट सहित व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए गए। एनजीटी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि निगम ने नालों के उद्देश्य, प्रवाह की मात्रा व गुणवत्ता, और अतिक्रमणों की पूरी जानकारी नहीं दी है। नालों के कुप्रबंधन व उनमें सीवेज बहाने की गंभीर स्थिति की चिंताजनक है। एनजीटी ने कहा कि ओमती और मोती नाला की चौड़ाई 80 फीट से घटाकर 40 फीट किए जाने और इस प्रक्रिया में 374 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद नालों में मलबा भरे हुआ है। कंक्रीट के खंभे और ढकाव बनने से सफाई और जल प्रवाह बाधित होने की गंभीर शिकायत सामने आई है।



सुनवाई के दौरान नगर निगम जबलपुर ने मदन महल क्षेत्र में अतिक्रमणों की बात स्वीकार की और हटाने की कार्रवाई शुरू करने का दावा किया। यह भी बताया गया कि राज्य लोक निर्माण विभाग ने पुल निर्माण हेतु नाले के मध्य खंभे बनाए हैं, जिनसे प्रवाह प्रभावित हुआ है। विभाग ने दावा किया कि अवरोध वाले हिस्से में बायपास ड्रेन बनाई गई है। निगम ने बताया कि नालों की सफाई मशीनों व मैनुअल विधियों से की जा रही है। प्राथमिक नालों की पूरी तरह यांत्रिक सफाई हुई है। द्वितीयक नाले मैनुअल व मशीन मिश्रित प्रणाली से साफ किए जा रहे हैं। तृतीयक नालों की सफाई कर्मियों द्वारा मैनुअल सफाई की जा रही है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि अधिकांश घर सीवरेज नेटवर्क से जुड़े नहीं हैं और सीवेज सीधे नालों में बह रहा है। जबलपुर के एसटीपी की कुल क्षमता 154.38 एमएलडी है, परंतु केवल 58.745 एमएलडी का ही उपयोग हो रहा है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निरीक्षण में पाया गया कि फ्लाईओवर के खंभों से ओमती नाले का प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हुआ है। नालों की चौड़ाई कम कर पक्कीकरण किया गया है, जिससे वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति बनती है। नालों की नियमित सफाई नहीं हो रही है।


## असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-22में शामिल हुए आवेदक का रिजल्ट सीलबंद लिफाफे में पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-2022 में शामिल हुए एक आवेदक का रिजल्ट सीलबंद लिफाफे में पेश करने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 6 नवंबर को निर्धारित की है। दरअसल, कोर्ट ने आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त किए जाने को प्रथमदृष्ट्या अनुचित पाते हुए उसे साक्षात्कार में शामिल करने के निर्देश दिए थे। आवेदक की ओर से बताया गया कि उसका रिजल्ट रोक दिया गया है।राजस्थान के बंसवारा निवासी उदित त्रिवेदी की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता चार्टेड एकाउंटेंट है, जिसका सर्टिफिकेट भी है। याचिकाकर्ता ने असस्टिंट प्रोफेसर-2022 के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद परीक्षा भी उन्होंने उत्तीर्ण की। लेकिन चयन सूची में नाम आने के बाद भी साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जा रहा है। आयोग सीए की डिग्री को स्नातकोत्तर नहीं मानता। दलील दी गई कि यूजीसी का सर्कुलर है कि सीए, सीएस व आईसीडब्ल्यूए को पीजी के समकक्ष माना जाए। आवेदक सीए है, अतः असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए योग्य है।

**भाई से मोबाइल छीने जाने के बाद उठाया आत्मघाती कदम, तिलवारा थाना क्षेत्र की घटना से फैली सनसनी**

# फार्म हाउस में फांसी पर झूल गई नाबालिग

हरिभूमि, जबलपुर।



तिलवारा थाना क्षेत्र के ग्राम लमेटी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना जिस जगह पर हुई, वह चर्चित पत्रकार गंगा पाठक का फार्म हाउस है जो पहले भी आदिवासी जमीनों की खरीद-फरोख्त और भूमाफियाई गतिविधियों को लेकर विवादों में रह चुके हैं।

### पिता करते हैं फार्म हाउस में चौकीदारी-

मृतिका की पहचान ज्योति पिता जगदीश झारिया निवासी मरदूरी लखनादौन के रूप में हुई है। ज्योति के पिता जगदीश गंगा पाठक के फार्म हाउस में चौकीदारी का काम करते हैं और परिवार के साथ वहीं रहते थे। रविवार दोपहर घर में ज्योति और उसके 13 वर्षीय भाई के बीच मोबाइल देखने को लेकर कहा-सुनी हुई। भाई ने जब उससे मोबाइल छीन लिया, तो ज्योति इस बात से व्यथित होकर कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब परिजनों ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। अंदर जाकर देखा तो ज्योति फांसी के फंदे पर झूल रही थी।

### मानसिक आघात से प्रेरित आत्महत्या

घटना की सूचना पर तिलवारा पुलिस और सीएसपी आशीष जैन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की है। प्रथम दृष्टया मामला मानसिक आघात से प्रेरित आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

### विवादों से सुर्खियों में रहे पाठक-

स्थानीय सूत्रों के अनुसार पत्रकार गंगा पाठक का नाम पहले भी आदिवासी क्षेत्रों में जमीन की खरीद और विवादित सौदों को लेकर चर्चा में रहा है। अब उनके फार्म हाउस में हुई नाबालिग की आत्महत्या ने एक बार फिर क्षेत्र में सवालों और चर्चाओं का दौर तेज कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि फार्म हाउस परिसर में रहने वालों पर निगरानी और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

# न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु में बढ़ोत्तरी से इंकार

## सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाई कोर्ट से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 61 वर्ष करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। इसके बावजूद हाई कोर्ट के प्रशासनिक स्तर पर इसके लिए इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।मध्य प्रदेश न्यायाधीश संघ की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई के आदेश में कहा था कि जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 61 वर्ष करने में कोई बाधा नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसके लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में दो माह का समय प्रदान किया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद हाई कोर्ट के प्रशासनिक स्तर पर सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से मना कर दिया गया था। मप्र हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन के पदाधिकारी को मौखिक रूप से सूचित किया है कि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की वर्तमान में कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने प्रशासनिक आदेश की प्रति उपलब्ध नहीं कराई। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि हाई कोर्ट का आचरण अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के प्रति सौतेले व्यवहार को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।

**कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक एक्शन**

# 10 साल से खुला पड़ा टैंक बना मौत का कारण, ठेकेदार बर्खास्त

जबलपुर।

मनमोहन नगर स्थित शासकीय अस्पताल परिसर में 10 साल से खुला पड़ा सेप्टिक टैंक दो मासूम बच्चों की मौत का कारण बन गया। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सफाई ठेकेदार को बर्खास्त कर दिया है, वहीं कांग्रेस के विरोध के बाद चिकित्सा अधिकारी को भी हटाया गया है।सूत्रों के अनुसार, अस्पताल का निर्माण करीब एक दशक पहले हुआ था। तब से टैंक का ढक्कन नहीं लगाया गया। स्थानीय लोगों ने कई बार अस्पताल प्रबंधन को चेताया, पर लापरवाही जारी रही और यह गंभीर हादसा हो गया।नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की घोर लापरवाही का परिणाम है। यदि समय पर कार्रवाई होती तो बच्चों की जान न जाती। शासन ने मृतकों के



परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता दी है।हादसे के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अस्पताल पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि प्रशासन मुआवजा देकर मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। सिर्फ ठेकेदार हटाना पर्याप्त कार्रवाई नहीं है।उन्होंने सवाल उठाया — "क्या अस्पताल प्रभारी, सीएमएचओ, कलेक्टर और सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं? अगर किसी भाजपा नेता के परिवार के बच्चे होते तो अब तक कलेक्टर का ट्रांसफर हो जाता।"

### प्रदर्शन के बाद एक्शन

सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर सफाई ठेकेदार गौरव पिल्लई को सेवा से हटा दिया गया है। वहीं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुल शुक्ला को सीएमएचओ कार्यालय में अटैच किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं

# पैंथर गैंग के 5 बदमाश गिरफ्तार, कार और चाकू जब्त

जबलपुर।



माढ़ोताल क्षेत्र में दहशत फैलाने वाली पैंथर गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कार और चाकू बरामद किए गए हैं। बीते दिनों गैंग के सदस्यों ने एक युवक को रुपए न देने पर धमकाया था और घटना का वीडियो वायरल किया था।माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे के अनुसार, 25 अक्टूबर की रात पान दुकान संचालक सुशील सेन अपने साथियों के साथ घर लौट रहा था। तभी कार में आए रिषी ठाकुर और उसके साथियों ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे। मना करने पर उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और चाकू दिखाया।घटना के बाद आरोपी फरार हो गए और अपना वर्चस्व दिखाने के लिए वीडियो वायरल किया। पुलिस ने जब आरोपियों की लोकेशन पवन ढाबा के पास होने की जानकारी प्राप्त की तो दबिश देकर सभी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी रिषी ठाकुर और राज ठाकुर उर्फ भवानी पर पहले से 4-4 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में प्रथम सिंह, राज उर्फ भवानी ठाकुर, निहाल नायक शामिल हैं।

# वसूली पर फोकस करने निगमायुक्त के निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संभागवार निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा प्रतिदिन स्वयं निगमायुक्त कर रहे हैं। भी निगमायुक्त श्री अहिरवार के द्वारा राजस्व, स्वास्थ्य, जल, बाजार, कॉलोनी सेल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम की आय बढ़ाने पर सभी लोग विशेष ध्यान दें और अपसी समन्वय के साथ एक दूसरे को सहयोग करते हुए टैक्स वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि ऐसा न करने पर आगे सभी संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सम्पत्तिकर के साथ-साथ जलकर, दुकानों का किराया, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, संबंधी सुविधा शुल्क के साथ-साथ कॉलोनाईजरों से विकास शुल्क की राशि जमा कराने सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिनके द्वारा बकाया करों की राशि जमा करने में हीला हवाली की जाती है



उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जावे।समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने नगर निगम की आय बढ़ाने संबंधी सभी बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी तथा देखा गया कि अपेक्षा से बहुत कम आय अर्जित हो रही है जिसमें उन्होंने चिन्हित किया कि होर्डिंग्स शाखा, बाजार विभाग, जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग से ट्रेड लायसेंस आदि से बहुत ही कम आय हो रही है, जिसपर उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व अमले के साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि निगम की आय बढ़ाने की दिशा में जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने संभाग स्तरीय सभी कार्यालयों से समन्वय बनाकर निगम की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेय, प्रशांत गोटिया के साथ सभी संबंधित विभाग के विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



# CATC-113 कैंप में आरडीसी परेड की तैयारियाँ अंतिम चरण में

**जबलपुर।** 1 एमपी आर्टिलरी रेजिमेंट, एनसीसी द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (**CATC**-113) में प्री-**RDC** चयनित कैडेट्स द्वारा प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस शिविर (**RDC**) परेड एवं फ्लैग एरिया प्रतियोगिता की तैयारियाँ जोरों पर हैं। शिविर परिसर उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दे रहा है। विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से आए कैडेट्स अनुशासन, तालमेल और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिदिन परेड अभ्यास कर रहे हैं। प्रत्येक कैडेट अपने प्रदर्शन में श्रेष्ठता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल विक्रांत त्यागी (सेना पदक) ने बताया कि इन तैयारियों का उद्देश्य गणतंत्र दिवस शिविर के लिए सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स का चयन करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण कैडेट्स को भविष्य में एक बेहतर नेता और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। कैडेट्स के जोश और समर्पण से स्पष्ट है कि वे देश के गौरव और सम्मान के लिए सदैव तत्पर हैं।

# चलती ट्रेन में यात्री पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला, मौत

## सतना से पेशी कर लौट रहे नर्मदापुरम निवासी शैलेंद्र हांडियां पर हुआ हमला

हरिभूमि, जबलपुर।

धनबाद से उधना जाने वाली एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 09040) के एस/4 कोच में रविवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती ट्रेन में एक यात्री पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्री को जबलपुर स्टेशन पहुंचने पर तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अचानक कर दिए ताबड़तोड़ वार-

मृतक की पहचान शैलेंद्र हांडियां (31), निवासी नर्मदापुरम के रूप में हुई है, जो सतना से पेशी कर अपने घर लौट रहा था। रेलवे सूत्रों के अनुसार, हमलावर व्यक्ति



शैलेंद्र का करीबी रिश्तेदार या परिचित बताया जा रहा है। दोनों के बीच ट्रेन में किसी निजी विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने अचानक जेब से चाकू निकालकर शैलेंद्र पर एक के बाद एक कई वार कर दिए।

### चलती ट्रेन से कूदकर भागा आरोपी

हमले के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। मौके का फायदा उठाकर आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। खून से लथपथ शैलेंद्र को अन्य यात्रियों ने किसी तरह संभाला और घटना की जानकारी जीआरपी व आरपीएफ को दी। ट्रेन के जबलपुर पहुंचते ही घायल को उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

### जीआरपी ने दर्ज किया प्रकरण-

जीआरपी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में विशेष टीम गठित की है। स्टेशन और ट्रैक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल-

यह दर्दनाक वारदात एक बार फिर ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यात्रियों का कहना है कि लंबी दूरी की गाड़ियों में पुलिस गश्त न होने से अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।



# शासन की प्रोत्साहन नीति पर परिचर्चा संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज ऑर्गेनाइजेशन (MPSSIO) द्वारा "शासन की प्रोत्साहन नीति के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन एवं वित्तीय संस्थाओं का सकारात्मक सहयोग" विषय पर परिचर्चा का आयोजन अरेरा क्लब, भोपाल में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने की। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य शासन के एमएसएमई मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। विकास रंजन पटनायक (जोनल मैनेजर, बैंक ऑफ इंडिया), रश्मिरेखा पती (डीजीएम, बैंक ऑफ महाराष्ट्र), दीपक गुप्ता (डीजीएम, एसबीआई), धीरज गोयल (जीएम, सेंट्रल बैंक), विनीत कुमार वर्मा (स्टेट हेड, केवीआईसी) सहित अन्य अधिकारियों ने एमएसएमई के लिए उपलब्ध योजनाओं व रियायतों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन सुनील भार्गव ने किया तथा विपिन कुमार जैन ने अवधारणा पर प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तर सत्र में उद्यमियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### महिलाओं ने परिवार सहित पूजा अर्चना कर गाये मंगल गीत

# हिरन नदी के घाट पर दिखी छठ पर्व की रौनक



फोटो 01, 02

**सिहोरा।** छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को छठ का महत्वपूर्ण दिन था। इसे डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है। सूर्यदेव के तेज से शोभित छठ पूजा पर्व पर सोमवार की शाम के समय डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही आज व्रतधारी महिलाएं घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उपवास का समापन करेगी।सनातन धर्म में छठ पूजा बहुत बड़ा पर्व है इसे संतान प्राप्ति,उन्नति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। हर वर्ष कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरुआत शनिवार से हुई नहाए खाए के साथ शुरू होने वाला यह महापर्व चार दिन चलता है जिसका समापन आज मंगलवार सप्तमी को सुबह भगवान सूर्य के दूसरे अर्घ्य देने के साथ ही हो जायेगा ।

## पानी में खडे होकर डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य


निर्जला व्रत रखकर छठ पूजा करने वाले व्रतियों ने दूसरे दिन खरना पर शाम को गुड़-चावल की खीर का प्रसाद ग्रहण कर आज छठ पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को गेहूं के आटे और गुड़, शक्कर से बने ठेकुए और चावल से बने भुसबा, गन्ना,नारियल, केला,हल्दी, सेब, फल-फूल के साथ हिरन नदी में पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतधारी महिलाओं ने घाट पर ही मंगल गीत गाए ।

## छठ व्रत का महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार छठी मैया सूर्य देवता की बहन हैं इस त्यौहार के दौरान लोग साफ अच्छे कपड़े पहनकर सूर्य देव की पूजा करते हैं तथा पूरा परिवार साथ में सूर्य देव की पूजा-प्रार्थना करता है महिलाएं 36 घंटे निर्जला व्रत रखती हैं और संतान की समृद्धि,दीर्घायु की कामना के लिए परिवार सहित सूर्यदेव और छठी मैया की अराधना करती है।

## आधा सैकडा.से अधिक परिवार पहुचें

छठ की पूजा करने खितौला में नृसिंह मंदिर के पास हिरन नदी के घाट पर इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड देखने को मिली।हर वर्ष बिहार सहित उत्तर भारतीयों परिवारो संख्या बढ़ने के कारण इस वर्ष सिहोरा खितौला के लगभग चार दर्जन से अधिक परिवार पहुचें इस बार पूजा करने और अच्छी साफ सफाई प्रकाश आदि व्यवस्था के लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र ओझा सहित पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



### लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति की सीएम से भेंट

# सिहोरा जिले का मामला मेरे संज्ञान में है: मुख्यमंत्री यादव

**सिहोरा।** भूमी समाधी सत्याग्रह की भारी मशक्कत के बाद लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के पदाधिकारियों की प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से कलेक्ट्रेट जबलपुर में रात्रि 9:30 बजे प्रशाशन द्वारा मुलाकात कराई गई । सिहोरा जिला के संबंध में समिति ने अपना पक्ष रखा कि सरकार की मनसा के अनुरूप यदि सिहोरा को जिला बनाया जाता है तो सिलोंडी, बचैया, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, खमतरा, बाकल, स्लीमनाबाद, मझौली, पान उमरिया जैसे क्षेत्रों की दूरी जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर से कम हो जाएगी ।साथ ही सिहोरा को जिला बनाए जाने से वर्तमान में किसी भी कार्यालय हेतु अलग से भवन बनाने की तत्काल आवश्यकता भी नहीं होगी। राजस्व के मामले में भी सिहोरा मिनी भिलाई से कम नहीं है।समिति ने वर्ष 2001 से 2003 के मध्य जिला बनाए जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया हो जाने तथा 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व के वादों का भी जिक्र किया। समिति के पदाधिकारी का दावा सुनने के बाद प्रदेश के मुखिया ने भी एक बार फिर आन्दोलन समिती को आश्वाशन का झुनझुना थमा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिहोरा का मामला मेरे संज्ञान में है,देखता हूं। चर्चा के दौरान विधायक संतोष बरकडे, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, समिति के विकास दुबे, सुशील जैन, अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, संतोष पांडे,संतोष वर्मा, जितेंद्र श्रीवास, प्रभात कुररिया, राजेश चौबे, मनीष शुक्ला, संजय पाठक,आशीष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# खाद की किल्लत से परेशान किसान



**मझौली।** तहसील मझौली में किसानों को खाद यूरीया मिलने में हो रही भारी परेशानी। कृषि कार्यालय में सुबह 7 बजे से ही किसानों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जबकि कार्यालय 11 बजे खुलता है। इस वजह से किसानों का पूरा दिन खराब हो जाता है और न तो कोई अन्य काम हो पाता है, न ही समय पर खाद मिल पाती है। किसानों को कागज जमा करने के बाद नंबर और टोकन मिलते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यूरीया खाद लेने के लिए सोसायटी या डबल लॉक तक जाना पड़ता है। किसानों ने शिकायत की है कि सुबह से शाम तक लगातार कतार में खड़ा रहना उनके लिए कठिनाई का सबब बन गया है। कृषि कार्यालय के सामने आधार कार्ड और खाता बही की फोटोकॉपी जमीन पर रखकर किसानों ने अपनी लाइन लगाई है।

# गौतम मोहल्ला में श्रीमद् भागवत कथा की हुई शुरुआत हुई



**पनागर।** गौतम मोहल्ला में श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा से हुआ। कथा का आयोजन प्रताप वार्ड के गौतम मोहल्ला में किया है। भागवत कथा वाचक पंडित डॉ अर्जुन पांडे जी महाराज कथा का वाचन करेंगे। वे मधुर संगीतमय शैली में कथा सुना रहे शोभायात्रा प्रताप वार्ड शिवमन्दिर मंदिर से शुरू हुई छोटे महावीर हनुमान मंदिर,छोटी माता मंदिर, मेन रोड कमानिया गेट से होकर पटेल गंज शिवमन्दिर होकर प्रताप वार्ड गौतम मोहल्ला पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश लिए माताएं और बहनें पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। छोटी कन्याएं देवी स्वरूप में सजकर आकर्षण का केंद्र बनीं। श्रद्धालुओं ने कहा कि कार्तिक मास में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण और कार्तिक स्नान का विशेष महत्व होता है। आयोजक कर्ता ने कथा में उपस्थित होने की अपील की है।

### नरसिंह मंदिर खितौला में आयोजन

# संत द्वारिका दास जी की 22 वीं पुण्यतिथि पर अनेक आयोजन



**सिहोरा।** ब्रम्हलीन संत द्वारिका दास जी महाराज की 22 वीं पुण्यतिथि पर नरसिंह टेकरी खितौला में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम भगवान श्री नरसिंह भगवान का अभिषेक मंगला श्रृंगार आरती के साथ पूज्य गुरुदेव द्वारिका दास जी महाराज का अभिषेक के साथ संतों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाहर से आये सभी संतों का मंदिर के महंत गोविंद दास एवं पुजारी बांके बिहारी दास ने स्वागत किया सभी संतों ने आशीर्वचन के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पूज्य जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य,स्वामी रामकृष्ण दास,महंत सीताराम शरण जू महाराज,महंत गुड्डू महाराज,पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया,लखन पांडे,प्रेमनारायण तिवारी,मनीष पांडे,कान्हा पाण्डे, संकर्षण तिवारी, अश्वनी उपाध्याय, मगन लाल सरावगी, भगवती बड़ेरिया, राजा दुबे, अनिल पांडे, श्यामू, ममता ठाकुर, छाया गौतम, शुभा पांडे, ज्योति पांडे आदि उपस्थित थे।

# अभिव्यक्ति सिहोरा का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**सिहोरा।** नगर में साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाले प्रतिष्ठित मंच अभिव्यक्ति की मासिक काव्य गोष्ठी और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन अधिवक्ता रमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य,वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी हिंदी विभागाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। गोष्ठी शुभारंभ सुषमा खरे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। काव्य गोष्ठी में लक्ष्मी नारायण पटेल,सुशील शर्मा,पवन समीर,चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव चन्दन,विजय बागरी विजय,नारायण तिवारी,श्रीमती आशा अवस्थी,डॉ.अरुणा पाण्डेय, निर्मला डोंगरे,मुकेश त्रिपाठी के अलावा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि,अध्यक्ष ने समसामयिक विषयों, मानवीय संबंधों,राष्ट्र चेतना,सामाजिक मुद्दों और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अपनी रचनाओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि ने अभिव्यक्ति मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए नगर के साहित्यिक वातावरण को समृद्ध करने में इस प्रकार के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में आभार व्यक्त नारायण तिवारी ने किया।

# दिगम्बर जैन महिला परिषद ने बांटे गरीब परिवारों को तोहफे



**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के द्वारा दीपावली पर निर्धन परिवारों को तोहफे भेंट किए गए। परिषद की सभी बहनों के द्वारा अनेक परिवारों को दिया, बाती,रोरी, रंगोली, धान की लाई, कपड़े, फुलझड़ी, तेल भेंट किए गए जिन्हें पाकर मासूम बच्चों के एवं बड़ों के चेहरे खुशियों से खिल उठे। विशिष्ट अधिकारी श्रीमती निशा जैन के द्वारा पानी छानने की थैली व बच्चों को टॉफियां बांटी गई,चेयरपर्सन श्रीमति नीतू सिंघई के द्वारा रंगोली के रंग एवं अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन व सचिव श्रीमति रानी जैन के द्वारा नए कपड़े बांटे गए व चेयरपर्सन श्रीमति अनिता जैन के द्वारा एक परिवार को उपहार स्वरूप सभी सामग्री भेंट की गई। साथ ही सभी को पटाखों से होने वाले नुकसान एवं हानियों के बारे में बताया गया। इस कार्य में परिषद की सभी बहनों का सहयोग व उपस्थिति सराहनीय रही।




# युवा नेतृत्व क्षमतावर्धन कार्यशाला संपन्न


**जबलपुर।** मदन महल स्थित सभागार में नागरिक अधिकार मंच संस्था द्वारा एक युवा नेतृत्व क्षमतावर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन 26 अक्टूबर को किया गया। इस कार्यशाला में दुर्गानगर, सुभाष नगर, शारदा नगर, बगिया टोला, चौधरी मोहल्ला से 25 युवा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में एड. नवेंदु मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने आज के युवाओं की सोच में बदलाव लाने, समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने और देश की सूरत बदलने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में संस्था के शिव कुमार ने युवाओं से कहा कि आज का युवा मानसिक परेशानी से गुजर रहा है, किन्तु इस मुद्दे पर चर्चा के लिए हमारे देश में न कोई स्पेश है और न लोगों में इसकी समझ, मानसिक परेशानी को लोग पागलपन से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों ने कहा यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता और समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा जगाने की दिशा में सार्थक कदम है। इस अवसर पर साधना बर्मन, अंकिता महोबिया, विजय कोरी, चांदनी चौधरी, राज केवट, अमन रजक, हिमांशु झारिया, कीर्तन गुप्ता, विकास खोब्रागड़े, शुभम चौधरी, अंजलीना सालोमन, गायत्री साहू, नंदिनी सूर्यवंशी, अभिषेक चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम विवाह होगा

**जबलपुर।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन चार माह के विश्राम के बाद भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे। पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, दवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता है। सनातन धर्म मे देवोत्थान एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर मैं नीद से जागृत होते है। इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग का संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही वैवाहिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी।

## तालाब में नहा रहे 13 वर्षीय बालक की डूबने से हुई मौत

**जबलपुर/कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में सोमवार दोपहर एक 13 साल के लड़के की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बालक बेलवाड़ा तालाब में नहा रहा था। वह अपने दादा-दादी के घर घूमने आया था। सूचना मिलते ही ढीमरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बालक सत्यम (13 वर्ष) मोहित गडारी का बेटा था और मड़वा, थाना चंदिया का निवासी था। वह इन दिनों कटारिया गांव स्थित अपने दादा-दादी के घर आया था। सोमवार दोपहर सत्यम गांव के बेलवाड़ा तालाब में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी में चला गया और उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।




**श्रीमती अर्चना यादव-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री पवन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना यादव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शुभा मुखर्जी-** महाराजपुर व्हीकल मोड़ निवासी श्री प्रदीप मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती शुभा मुखर्जी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुरजा बाई डोंगरे-** सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री चेतराम डोंगरे की धर्मपत्नी श्रीमती सुरजा बाई डोंगरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन लाल खरे-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री रोशन लाल खरे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप प्रजापति-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बैसाखू लाल प्रजापति के पुत्र श्री संदीप प्रजापति (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रंजीता कोल-** रांझी बड़ा पत्थर निवासी श्री पुन्नू कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रंजीता कोल (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार पैडी-** ओबेराय परिसर हाथीताल निवासी श्री रमेश कुमार पैडी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनिल कुमार गोंटिया-** नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री अनिल कुमार गोंटिया (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा रजक-** चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री नारायण रजक की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंदन डे-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री चंदन डे (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री माधव प्रसाद मिश्रा-** सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री माधव प्रसाद मिश्रा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अविता परदेसी-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गोविंद सिंह परदेसी की धर्मपत्नी श्रीमती अविता परदेसी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश पगारे-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री ओम प्रकाश पगारे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार केसरवानी-** गली नं. 11 सदर निवासी श्री सुरेश कुमार केसरवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन
रंगीन
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग






# इधर जननायक को लेकर हो रही छीनाझपटी, उधर अपने भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे तेजस्वी!

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सियासी गर्मी तेज हो गई है। यहां खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे तेजस्वी यादव अपने ही भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे दिखाई दे रहे हैं। तेजप्रताप लगातार हमला बोल रहे हैं। इसके अलावा बिहार में जननायक के पदवी को लेकर छीनाझपटी होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'जन-नायक' कहे जाने पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 'जन-नायक' की उपाधि जनता देती है, इसे कोई स्वयं नहीं ले सकता। मांझी ने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग तेजस्वी यादव को भी 'जन-नायक' कहते हैं, जो इस शब्द का अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'जन-नायक' की पहचान कर्पूरी ठाकुर जैसे जनसेवकों से होती है और सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव ने राज्य के लिए ऐसा क्या किया है जो उन्हें यह उपाधि दी जाए। तेजस्वी के ऐलान पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा,यह आदमी कुछ नहीं कर सकता और हमेशा से लोगों को गुमराह करता रहा है। लोकसभा चुनावों के दौरान, उन्होंने यह कहानी गढ़ी कि संविधान खतरे में है, और यह रणनीति काम कर गई, जिसके कारण एनडीए को कम सीटें मिलीं। वे फिर से ऐसी कहानी गढ़ रहे हैं। ये लोग जीतने वाले नहीं हैं और सिर्फ दिखावे के लिए बातें कर रहे हैं। एनडीए सरकार बनाएगा, लेकिन अगर कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में वे सरकार बना भी लेते हैं, तो वे अपने वादे पूरे नहीं करेंगे और कहेंगे कि केंद्र सरकार ने सारा पैसा खर्च कर दिया और उन्हें कुछ नहीं दिए। बिहार के लोग राजनीतिक रूप से जागरूक हैं और इस बार उनके जाल में नहीं फंसेंगे।

**200** यूनिट फ्री बिजली, पांच सौ में सिलेंडर को भी प्रमुखता दी महागठबंधन ने | चर्चित विधायक गोपाल मंडल समेत कई नेताओं को पार्टी से निकाला | बिहार विधानसभा चुनाव में नेता एक दूसरे पर साध रहे निशाना, आरोप-प्रत्यारोप चरम पर

## बिहार विधानसभा चुनाव में बढ़ी सियासी रार, आज जारी होगा महागठबंधन का घोषणा पत्र



### तेज प्रताप ने तेजस्वी के खिलाफ खोला मोर्चा

लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार की महुआ विधानसभा सीट से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और कौन नहीं बनेगा, यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। तेज प्रताप यादव अपनी राजनैतिक कर्मभूमि महुआ में बाइक पर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि महुआ में रोड नहीं बना है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। तेज प्रताप ने कहा, जिस तरह हमने महुआ में मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया। इसी तरह वे यहां सड़कों का निर्माण कराएंगे। जनता से किया गया वादा पूरा करेंगे। वहीं दूसरी तरफ चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देशानुसार आचार संहिता के पालन और प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर निगरानी रखी है। अब तक 11 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक मूल्य की नकदी, कीमती धातु, शराब, मादक पदार्थ और अन्य वस्तुओं की जब्ती की।

### 29 को राहुल गांधी का बिहार दौरा



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 29 अक्टूबर को अपना पहला चुनावी दौरा करेंगे। इस दिन वे दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे, जिनमें उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता साझा मंच से मुजफ्फरपुर की सकरा (एससी) विधानसभा सीट और दरभंगा जिले की एक अन्य विधानसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे। इस संयुक्त रैली के जरिए कांग्रेस और राजद महागठबंधन की एकजुटता का संदेश देने की कोशिश करेंगे।

### घोषणा पत्र में सभी वादों को किया गया है समाहित

महागठबंधन की ओर से चुनावी घोषणा पत्र का ऐलान मंगलवार 28 अक्तूबर को होगा। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी, नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव घटक दलों के अन्य वरीय नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र को आम लोगों के बीच प्रस्तुत करेंगे। राजद नेताओं के अनुसार अब तक नेता प्रतिपक्ष ने जो-जो घोषणाएं की है, उसको घोषणा पत्र में समाहित किया गया है। हर परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने की घोषणा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### गोपाल मंडल के साथ कई नेताओं को भी किया बाहर

जदयू ने गोपाल मंडल के साथ ही साथ कदवा कटिहार से पूर्व मंत्री हिमराज सिंह, बिहार विधान परिषद के पूर्व पार्षद संजीव श्याम सिंह, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य महेश्वर प्रसाद यादव और मुजफ्फरपुर के प्रभात किरण को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव और मुख्यालय प्रभारी की तरफ से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 में पार्टी की विचारधारा, पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं संगठनात्मक आचरण के विरुद्ध कार्य करने में संलिप्त पाए जाने पर इन लोगों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।



### चर्चित विधायक हैं गोपाल

बता दें कि गोपाल मंडल बराबर किसी न किसी कारण से पार्टी में बने रहते हैं। कुछ दिन पहले ही गोपाल मंडल ने राजधानी के एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास के सामने घंटों धरने पर बैठे रहे थे। तब गोपाल मंडल ने सीएम नीतीश कुमार से मिलने की मांग की थी।

## अस्वस्थ सीएम के हाथों में 13 करोड़ जनता का भविष्य नहीं सौंपा जा सकता



वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने रविवार देर रात दरभंगा पहुंचकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब पूरी तरह अस्वस्थ हो चुके हैं। ऐसे में बिहार के 13 करोड़ लोगों का भविष्य एक अस्वस्थ व्यक्ति के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। सहनी ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है। 70 वर्ष की उम्र में कोई भी व्यक्ति अस्वस्थ हो सकता है, लेकिन बिहार जैसे राज्य का नेतृत्व अब युवा हाथों में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार जब पहली बार मुख्यमंत्री बने तो जनता ने उन्हें अवसर दिया। 2010 तक उन्होंने कुछ विकास भी दिखाया, लेकिन 2015 में वे लालू प्रसाद यादव की 'बैसाखी' पर सवार होकर फिर सत्ता में लौटे। वहीं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महज 42 विधायकों के साथ वे भाजपा और वीआईपी के समर्थन से किसी तरह मुख्यमंत्री बने। सहनी ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे पास 56 इंच का सीना है। इस पर सहनी ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पास 56 नहीं बल्कि 112 इंच की जुबान है। 2014 में उन्होंने देश को आर्थिक विकास का सपना दिखाया, लेकिन आज देश की जनता 5 किलो अनाज पर निर्भर है। वादों की हकीकत अब सबके सामने है।

## मल्लाहों की हकमारी करने वाले मुकेश सहनी को जनता देगी जवाब: केंद्रीय मंत्री राजभूषण



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्र सरकार में मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने रविवार को वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी कभी निषाद समाज के हितैषी नहीं रहे, बल्कि हमेशा समाज की हकमारी करने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निषाद समाज अब यह भलीभांति समझ चुका है कि मुकेश सहनी उनके हक के लड़ाकू नहीं, बल्कि हकमारी करने वाले व्यक्ति हैं। यही कारण है कि समाज के लोग अब उनसे दूर हो रहे हैं और बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे हैं।

### जनहित पर ध्यान

निषाद ने कहा कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के हित के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। हमारे समाज से बिहार में भाजपा नेता हरि सहनी को मंत्री बनाया गया और मुझे केंद्र में मंत्री बना दिया एनडीए ही निषाद समाज का हितैषी है।

---

## खबर संक्षेप

### स्टालिन: राहुल कहते हैं मुझे 'बड़ा भाई'



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोमवार को विरुधुनगर में कहा कि डीएमके और कांग्रेस भले अतीत में अलग-अलग रास्तों पर चलीं, लेकिन अब देशहित, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए दोनों एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि राहुल मुझे बड़ा भाई मानते हैं।

### कंगना ने माफी मांगी बोलीं- गलती हुई



**बठिंडा।** भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनोट बठिंडा कोर्ट में मानहानि मामले में पेश हुईं। किसान आंदोलन के दौरान बुजुर्ग किसान महिंदर कौर को शाहीन बाग की बिलकिस बानो बताकर किए ट्वीट पर उन्होंने माफी मांगी। कोर्ट ने उन्हें जमानत दी, अगली सुनवाई 24 नवंबर को। मीडिया से कंगना ने कहा, 'मिसअंडरस्टैंडिंग हुई है।

### छठ घाट बनाने के दौरान गंगा में डूबे 4 मासूम



**भागलपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों के बीच भागलपुर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। नवगछिया अनुमंडल के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव में छठ घाट बनाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

### जामताड़ा के एक्टर ने की आत्महत्या!



**नई दिल्ली।** मराठी एक्टर सचिन चंदवडे का निधन हो गया है। वो 25 साल के थे। चंदबवड़े नेटफ्लिक्स वेब सीरीज जमताड़ा 2 में नजर आए थे। उनके परिजनों ने उन्हें पुणे स्थित फ्लैट में फंदे पर लटकते पाया। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टर उन्हें नहीं बचा सके।

---

### शाह ने कहा- भाजपा बैसाखियों पर नहीं खुद के बल पर चलती है

# कार्यकर्ता इतनी मेहनत करें कि विपक्ष का सफाया हो जाए, वो दूरबीन से भी नहीं दिखे

परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी

शाह ने दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखी, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया



शाह ने निकाय चुनावों में जीत दिलाने की अपील की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को बैसाखियों की जरूरत नहीं है और वह अपने बल पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में विपक्ष का सफाया सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद से हमने हमेशा संगठन की अवधारणा के आधार पर अपनी पार्टी के कामकाज को स्वीकार किया है। हमने हमेशा सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीतियां बनाई हैं। हमने देश और इसके लोगों के सर्वोत्तम हित में सबसे कठिन लड़ाई लड़ी है। दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, हमने साबित कर दिया है कि परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी। काम की राजनीति ही देश को आगे ले जाएगी। मोदी जी इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। एक साधारण चायवाले के घर में जन्मा एक बच्चा अपने समर्पण, त्याग और कड़ी मेहनत से भारत का प्रधानमंत्री बना।

अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा बैसाखियों पर नहीं, बल्कि अपने बल पर चलती है। केंद्र और राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव भी जीतने चाहिए। इतनी मेहनत करो कि विपक्ष का सफाया हो जाए। वे दूरबीन से भी नजर न आएं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि जो पार्टी अपने कामकाज में लोकतंत्र को कायम नहीं रख सकती, वह देश के लोकतंत्र की रक्षा कभी नहीं कर सकती। यह सभी वंशवादी पार्टियों के लिए एक कड़ा संदेश है।

### सभी को दिया श्रेय

शाह ने कहा कि भाजपा के लिए पार्टी कार्यालय एक मंदिर की तरह है। उन्होंने कहा, यहीं से पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों की कल्पना की जाती है और यह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण स्थल है। शाह ने कहा कि जनसंघ के दिनों से ही विचारधारा से प्रेरित राजनीति और जन कल्याण भाजपा की पहचान रही है। 1980 में जब भाजपा का गठन हुआ था, तब से 18 वर्षों तक देश का नेतृत्व भाजपा नेताओं ने किया है और यह गर्व की बात है। शाह ने पार्टी की सफलता का श्रेय नेताओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, त्याग और प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा, उनके द्वारा बोए गए बीजों की वजह से ही भाजपा एक वटवृक्ष बन पाई है।

### भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है भाजपा

उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है और मेहनती और प्रदर्शन-उन्मुख कार्यकर्ता पार्टी पदानुक्रम में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं बूथ अध्यक्ष था और राष्ट्रीय अध्यक्ष बना, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो एक गरीब परिवार से हैं, अपनी प्रतिबद्धता और त्याग के कारण तीन बार देश का नेतृत्व कर पाए।

### 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला भाजपा कार्यालय

शाह ने 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले नए राज्य भाजपा कार्यालय पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसमें एक पुस्तकालय, बैठक कक्ष, सम्मेलन कक्ष, 400 सीटों वाला एक सभागार और राज्य भाजपा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को याद रहेगा कि वे पार्टी की बदौलत इस पद पर पहुंचे हैं। शाह ने कहा कि पार्किंग के लिए बहु-स्तरीय बेसमेंट होगा। उन्होंने आगे कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहा है कि मेरे जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं के रहने के लिए तीन-चार कमरे होने चाहिए।

**विपक्ष ने उठाए सवाल**

विपक्ष ने राज्य भाजपा के नए कार्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाए हैं। शाह को लिखे एक पत्र में, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि यह भूमि आवासीय उद्देश्यों के लिए आरक्षित थी।

---

### मोंथा का असर, केरल में 2 की मौत

## लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजा, 3 राज्यों में रेड अलर्ट

**आज रात आंध्र प्रदेश काकीनाड़ा तट से टकराएगा**

**128** रेस्क्यू टीमें तैनात की गई, स्कूलों की छुट्टी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोंथा तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन का कहना है कि साइक्लोन मोंथा तट के करीब पहुंचा गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चलती रही। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। आईएमडी ने पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलप्पुझा में एक मछुआरे की नाव पलटने और एर्नाकुलम में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से जान चली गई। ओडिशा सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। आठ जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगढ़, गजपति, गंजम, कालाहांडी और कंधमाल में 128 रेस्क्यू टीमें तैनात की गई हैं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जा रही है। राहत केंद्रों में खाना, दवा, रोशनी और पालतू जानवरों की व्यवस्था की गई है। सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र 30 अक्टूबर तक बंद रहेंगे।

### पीएम ने की सीएम नायडू से बात



पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू से बात की और हालात का जायजा लिया। आंध्र प्रदेश के कृष्णा, गुंटूर, बापटला और वेस्ट गोदावरी जिलों में अगले दो दिन भारी बारिश की संभावना है। इसके कारण सोमवार को स्कूल बंद रखे गए हैं। ओडिशा के मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि राहत एवं बचाव दल के अलावा फायर सर्विस की 128 टीमें (करीब 5,000 कर्मी) तैनात कर दी गई हैं। 28-29 अक्टूबर को हवा की रफ्तार 80 से 110 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि तूफान तेजी से आगे बढ़ रहा है, क्योंकि इससे समुद्र में ऊर्जा इकट्ठा नहीं होगी और नुकसान कम होने की उम्मीद है।

---

### 31 मार्च 25 तक 3,550 पद रिक्त थे

## कृषि शिक्षा में सुधार के लिए रिक्त पद जल्द भरें: शिवराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर),पूसा में सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए को अपने संस्थानों में खाली पड़े सभी पद तुरंत भरने चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि छात्रों के भविष्य से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता। चौहान ने बताया कि देश के कई कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक पद लंबे समय से खाली हैं। संसदीय समिति की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएआर में 31 मार्च 2025 तक कुल 3,550 पद रिक्त थे। इस पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शोध के लिए शिक्षकों और विशेषज्ञों की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे इस विषय पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखेंगे।

### लोक आस्था के 'छठ' की छटा पूरे देश में बिखरी


## महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, घाटों पर उमड़े श्रद्धालु



लखनऊ



रांची



पटना



बीकानेर



अगरतला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर में लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा सहित देश के कई हिस्सों में घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक गीतों और पूजा के बीच माहौल आस्थामय नजर आया। इस मौके पर न सिर्फ आम लोगों के साथ ही राजनीति और भोजपुरी इंडस्ट्री के कलाकार भी भक्ति में सराबोर नजर आए। घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और प्रशासन ने व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष टीम तैनात की थी।

रवि योग के संयोग में मनेगी देवउठनी एकादशी, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# चार माह की योग निद्रा से जागेंगे श्रीहरि विष्णु, होगा तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन चार माह के विश्राम के बाद भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे।



## विशेष मुहूर्त में होगा पूजन

देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, दवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता है। सनातन धर्म मे देवोत्थान एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है।देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर मैं नीद से जागृत होते है। इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्दि व रवि योग का संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही वैवाहिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही इस दिन से सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य नींव पूजन ,गृह प्रवेश यज्ञोपवीत संस्कार,मुंडन, विवाह तथा सभी प्रकार के अन्य शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे।

## देवउठनी एकादशी का महत्व

आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं व देवउठनी एकादशी को योग निद्रा से जागते है।पूरे साल में आने वाली एकादशियों में देवउठनी एकादशी को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ होता है।मंदिरों व घरो मैं बनेंगे गन्ने के मंडप-देवउठनी एकादशी पर घर-घर गन्ने के मंडप बनाकर तुलसी शालिग्राम विवाह का पूजन होगा।घरो के अलावा मंदिरों मैं भी विशेष पूजन होगा व तुलसी विवाह की बारात भी निकाली जाएगी।

# डॉ. ए.के. द्विवेदी ने लंदन में हिमेटोहाइड्रोसिस पर दिया प्रेजेंटेशन, नई पुस्तक का भी हुआ विमोचन

**जबलपुर।** केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने लंदन (यूके) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस में "हिमेटोहाइड्रोसिस (खूनी पसीना) के होम्योपैथिक उपचार" विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने भारतीय जी व न शै ली , आहार-विहार और पा रं प रि क चिकित्सा पद्धतियों के महत्व पर भी व्याख्यान दिया। मध्य प्रदेश से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. द्विवेदी अकेले चिकित्सक रहे। सम्मेलन में विश्वभर के जाने-माने होम्योपैथिक विशेषज्ञ शामिल हुए।कार्यक्रम में उनकी नई पुस्तक 'हिमेटोहाइड्रोसिस एवं बोन मैरो डिसऑर्डर्स का होम्योपैथिक उपचार' का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक में खूनी पसीने और अस्थि-मज्जा विकारों के होम्योपैथिक उपचार पर उनके शोध और अनुभव संकलित हैं। विमोचन अवसर पर हैनीमैन कॉलेज ऑफ होम्योपैथी (लंदन) के प्राचार्य डॉ. शशि मोहन शर्मा, डॉ. लोरा जॉर्जिवा (बुल्गारिया) सहित कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ उपस्थित रहे।






# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न

**जबलपुर।** आगामी 5 नवंबर (कार्तिक पूर्णिमा) को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 468वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ की तैयारियों को लेकर आज कलेक्टोरेट में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में नर्मदा भक्त शामिल होते हैं।बैठक कक्ष क्रमांक 7 में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, एसडीएम, सीएसपी, एडिशनल एसपी (यातायात), तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी विभाग, नगर निगम, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, सीएमओ भेड़ाघाट, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, सीएमएचओ, होमगार्ड, तथा बरगी बांध परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, एवं संयोजक एडवोकेट शीर्ष अग्रवाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

**भेड़ाघाट के लामेटा घाट और सरस्वती घाट पर पर्याप्त नावों की व्यवस्था रहेगी**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि परिक्रमा के दौरान सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारू रूप से संचालित की जाएंगी। कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी तथा लामेटा घाट और सरस्वती घाट पर पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था रहेगी। नर्मदा भक्तों को लामेटा घाट से शीघ्र रवाना कर सरस्वती घाट तक शाम 5 बजे तक सुरक्षित पार कराने की तैयारी रहेगी।इसके अलावा, हरे कृष्णा आश्रम सहित पूरे मार्ग पर विशाल भंडारे और सेवा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक का समापन "नर्मदे हर" के जयघोष के साथ हुआ।

# सरस्वती शिशु मंदिर आधारताल में "सप्तशक्ति संगम" सम्पन्न

**जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आधारताल में 26 अक्टूबर को "सप्तशक्ति संगम" कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें 250 से अधिक मातृ शक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शैल मिश्रा ने की, मुख्य वक्ता प्रिया चौधरी एवं द्वितीय वक्ता आकांक्षा सिंह रहीं।प्राचार्या श्रीमती सोनू चौहान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मातृ शक्तियों में नेतृत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन की भावना जगाना है। प्रिया चौधरी ने परिवार में सामंजस्य और पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे, जबकि आकांक्षा सिंह ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई, जीजी माता और अहिल्याबाई के रूप में आकर्षक प्रस्तुति दी। विशेष अतिथि माधवी सोनी (शा.से.नि. शिक्षिका) और समाजसेवी मनोरमा गोलछा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वंदना सोनी एवं दीप्ति श्रीवास्तव ने किया तथा आभार राजमती त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## धनगर यादव समाज का गोपाष्टमी महोत्सव कल

**जबलपुर।** धनगर यादव समाज द्वारा गोपाष्टमी महोत्सव एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे यादव मुहल्ला, रामपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनगर समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व कैबिनेट मंत्री तरुण भानोत, पूर्व उपाध्यक्ष जेडीए रघुनाथ यादव, पूर्व विधायक बरगी संजय यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव, संस्कार कांवड़ यात्रा संयोजक शिव यादव, नगर अध्यक्ष भाजपा रत्नेश सोनकर और पार्षद शंकर शाह नगर वार्ड दिनेश तामशेतवार गुड्डू शामिल होंगे। कार्यक्रम में इटारसी, नरसिंहपुर, भोपाल और सागर से धनगर यादव समाज के प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे।

# रोटी क्लब में दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न, समाजसेवा का लिया संकल्प

**जबलपुर।** शहर के रोटी क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात सामाजिक कार्यों पर चर्चा करते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा तय की गई। बैठक में जरूरतमंदों की सहायता के लिए एक विशेष बजट पारित किया गया। इस बजट के माध्यम से ऐसे स्कूलों में सहायता पहुँचाई जाएगी जहाँ बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवश्यकता है। साथ ही, अस्पतालों के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जरूरतमंद मरीजों की मदद करने का भी निर्णय लिया गया।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सदस्यों ने समाजसेवा को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार रखे तथा सभी सदस्यों को समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।रोटेरियन अध्यक्ष अशोक कुमार साहू ने कार्यक्रम की कमान संभाली और दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "दीपावली का पर्व केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, एकता और मानवता के दीप जलाने का अवसर है।"इस अवसर पर आर. के. चौक से अभिषेक बादशाह जी, मयंक जी, अमित जैन जी, अभिषेक ओसवाल जी सहित सभी सदस्यों ने पारिवारिक माहौल में एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।





# डिजिटल नशे और पोर्न लत से बचाव को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** Students' Islamic Organisation of India (SIO), मध्य प्रदेश ईस्ट ज़ोन ने 25 अक्टूबर को ज़िला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने युवाओं में बढ़ती डिजिटल नशे और पोर्नोग्राफी की लत पर चिंता जताई। ज़ोनल अध्यक्ष सैयद नसीब अली ने कहा कि 15-19 वर्ष के करीब 47% किशोर पोर्न सामग्री देखते हैं, जिससे नैतिक और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है।SIO ने सरकार से स्कूल-कॉलेजों में डिजिटल नैतिकता शिक्षा, अश्लील वेबसाइटों पर नियंत्रण, काउंसलिंग व डिजिटल डिटॉक्स अभियान और राज्य स्तरीय युवा डिजिटल आचरण नीति लागू करने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर संयम और नैतिकता के मूल्य पुनर्जीवित नहीं किए गए, तो यह प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाएगी।

**कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में होगी प्रतियोगिता का शुभारंभ**

# 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 28 से 31 अक्टूबर तक

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक जबलपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में खो-खो (19 वर्ष बालक/बालिका), बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक) एवं रोप स्किपिंग (14, 17, 19 वर्ष बालक/बालिका) की स्पर्धाएं शामिल हैं।प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन समारोह खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मैदान (एम.एल.बी. स्कूल के सामने) में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह (आई.ए.एस.) करेंगे।प्रतियोगिता के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संयुक्त संचालक लोकशिक्षण अरुण कुमार इंगले (खो-खो एवं बास्केटबॉल) तथा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी (रोप स्किपिंग) को सौंपी गई है।इस प्रतियोगिता में लगभग 1050 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था 16 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में की गई है, जबकि परिवहन हेतु 30 बसें और रुचिकर भोजन व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।उद्घाटन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे होगा। पत्रकारवार्ता में संयुक्त संचालक अरुण इंगले, डीईओ घनश्याम सोनी, सहायक संचालक अतुल चौधरी, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, बीएसी अजय रजक, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, एवं प्राचार्य श्रीमती प्रभा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





# कुशवाहा (काछी) समाज का परिचय सम्मेलन, मिलन समारोह संपन्न

**जबलपुर।** प्रगतिशील कुशवाहा (काछी) समाज, जबलपुर द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर 2025, रविवार को "युवक-युवती परिचय एवं विवाह सम्मेलन व समाज मिलन समारोह" का भव्य आयोजन श्रीराम मंदिर तिरसियाबाई ट्रस्ट बारातघर, पुष्पक नगर, आधारताल, जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। युवक-युवतियों ने अपने परिचय प्रस्तुत किए तथा समाज में एकता, संस्कार और वैवाहिक समरसता का संदेश दिया। समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों का कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक पटेल (अध्यक्ष) ने की। समन्वय समिति अध्यक्ष वृंदावन कुशवाहा (गोहलपुर, जबलपुर), मुख्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण, वृंदावन वर्मा (रामपुर), रामनारायण वर्मा, बैजनाथ पटेल, राजेश कुशवाहा (लालमाटी), नंदुकुमार कुशवाहा, लल्लूलाल पटेल, नर्मदा प्रसाद कुशवाहा, आर.एस. वर्मा, रामआश्रय वर्मा, हीरालाल कुशवाहा, गोविंद पटेल, जवाहर कुशवाहा, मगनलाल कनौजिया, प्रमोद पटेल, अनिल कुशवाहा, प्रताप कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। महिला संगठन से माया देवी कुशवाहा, सुशीला कनौजिया, रंजना मौर्य, कु. देवकी पटेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं समाजिक एकता का प्रेरणास्रोत रहा।



# सदाबहार गीतों के बीच सीनियर सिटीजन ने मनाया दीपावली मिलन

**जबलपुर।** आज की शाम सुहानी है..., ओठों से छू लेने दो..., आ जा, आ जा..., जैसे सदाबहार गीतों ने सीनियर सिटीजन के सदस्यों को, गायक, गायिकाओं ने झूमने पर विवश कर दिया और दीपावली मिलन की खुशियों को दोगुना कर दिया। संयोजक जादूगर एसके निगम के संयोजन में साउथ ऐवेन्यू मॉल के इस रंगारंग कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, राजेश पाठक नवीन, संदीप जैन ने अतिथि के रूप में 15 वर्षों से लगातार प्रति सोमवार लगने वाले इस क्लब को अद्भुत निरूपित किया। अतिथियों का स्वागत नीरज शुक्ला, डॉ. लियाओ, रश्मि श्रीवास्तव, जसवीर चोपड़ा, रंजीता ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के गौरव संगीतकार बबलू मैथ्यूज व टीम का तंजानिया (अफ्रीका) से सफल कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर पगड़ी बंधन कर सम्मानित किया गया। मिस मध्यप्रदेश सुंदरी सुश्री आर्या कार्यक्रम में आकर्षण का केन्द्र रहीं। उनकी उपलब्धि पर क्लब की ओर से राजकुमारी प्रज्ञा, बच्चन श्रीवास्तव ने दीपावली की मिठाई खिलाकर कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन किया।

# पश्चिम मध्य रेलवे में मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

## महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने दिलाई ईमानदारी की शपथ

**जबलपुर, । भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का आयोजन 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम है "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी"।**

कार्यक्रम के तहत सोमवार को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय, जबलपुर में आयोजित शपथ समारोह में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री सहित मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों में ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना को सशक्त बनाना है तथा प्रत्येक कर्मचारी को निर्धारित समय सीमा में पारदर्शी ढंग से कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अनिल कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुंदर, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, कोटा एवं जबलपुर मंडलों में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया और अधिकारियों-कर्मचारियों ने सतर्कता की शपथ ली।

**CHANGE OF NAME**

I GORAPARTHI ANANTHA LAKSHMI (existing Name of mother as per Service Record) is legally mother of No. 15724119F Rank NAIK Name GORAPARTHI SATHISH Presently residing at Vill-BUTTAYAGUDEM, PO- BUTTAYAGUDEM, THE-BUTTAYAGUDEM, Distt WEST GODAVARI (ANDHRA PRADESH)-534448. I have changed of my name from GORAPARTHI ANANTHA LAKSHMI (Name as per my son Army service records) to GORAPARTHI ANANTHALAKSHMI (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 21 Aug 2025) formerly before Public notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR(MP)

CORRECT NAME
GORAPARTHI ANANTHALAKSHMI
INCORRECT NAME
GORAPARTHI ANANTHA LAKSHMI

**CHANGE OF NAME**

I GORAPARTHI RAMANA (existing Name of Father as per Service Record) is legally Father of No. 15724119F Rank NAIK Name GORAPARTHI SATHISH Presently residing at Vill-BUTTAYAGUDEM, PO-BUTTAYAGUDEM, THE-BUTTAYAGUDEM, Distt WEST GODAVARI (ANDHRA PRADESH)-534448. I have changed of my name from GORAPARTHI RAMANA (Name as per my son Army service records) to GORAPARTHI VENKATARAMANA (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 21 Aug 2025) formerly before Public notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR(MP)

CORRECT NAME
GORAPARTHI VENKATARAMANA
INCORRECT NAME
GORAPARTHI RAMANA

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है सम्पत्ति, मौजा कजरवारा, तहसील, रांझी जिला जबलपुर स्थित पटवारी एवं डायवर्सन खसरा नं. 400/3 एवं 400/4 का भाग, जो कि चैतन्य सिटी में फेस-1 में है जिसका नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से स्वीकृत अभिन्यास प्लॉट नम्बर 186ब एवं 186अ और 187 है, प्लॉट नं. 187 रकवा 1515 वर्गफुट है जिसके मालिक विनोद कुमार मिश्रा है, जिसकी चौदही है, उत्तर मे साईड रोड, दक्षिण में खसरा नं. 402/1, पूर्व में प्लॉट नं 188, पश्चिम में प्लॉट नं.186ब बैकुट झा और विनीत कुमार झा एवं, प्लॉट नं. 186ब रकवा 920.250 वर्गफुट है जिसके मालिक बैकुट झा औरविनीत कुमारझा है कि चौदही उत्तरमे-साईड रोड, दक्षिण में-402/1. पूर्व में-प्लाट नं. 187 विनोद कुमार मिश्रा, पश्चिम में प्लॉट नं. 186ब शेषमणी शुक्ला का प्लॉट, एवं प्लॉट नं. 186अ रकवा 613.5 वर्गफुट है जिसके मालिक शेषमणी शुक्ला है कि चौदही, उत्तर में साईड रोड, दक्षिण में.-402/1, पूर्व में प्लॉट नं. 186ब, बैकुट झा और विनीत कुमार झा, पश्चिम में बचा हुआ 10 फीट का साईड रोड जो कि ले-आउट में 30 फीट का रोड है पर वर्तमान मे 10 फीट का बचा हुआ है व रोड बाद गार्डन, स्थित है उक्त तीनों प्लॉट का कुल रकवा लगभग 3048.75 वर्गफुट को क्रय करने का इकरार कर लिया है विक्रय पत्र का निष्पादन शेष है यदि किसी व्यक्ति संस्था रिश्तेनातेदार, बैंक वित्तीय संस्था या चैतन्य सोसायटी, व किसी को आपत्ति ऐतराज है तो वह मय दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक से 5 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ती दर्ज करा सकता है इसके उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का निष्पादन करा लेगा और किसी भी प्रकार कि आपत्ती मान्य नहीं होगी।

रहीस खान (एडवोकेट)
ऑफिस-2761 अहमद नगर, अधारताल, जबलपुर
दिनांक-27.10.2025 मो.9893041255